

भाज

रमेश पोवार ले...



देवी महागौरीको सौम्यता और करुणाका प्रतीक माना जाता है

महाअष्टमी

प्रयागराज, रविवार १८ अक्तूबर, २०२६ सौर १, आश्विन शुक्ल ८, २०८३ वि.। वाराणसी, गोरखपुर, प्रयागराज (रीवा संस्करण), कानपुर (झांसी संस्करण), लखनऊ, आगरा, बरेली, हल्द्वानी,पटना (कोलकाता संस्करण), रांची (धनबाद संस्करण) तथा जमशेदपुर से प्रकाशित | * मध्य प्रदेश संस्करण पृष्ठ १२, मूल्य ३.०० रुपये

कोलकाता के चोरबागान दुर्गा पंडाल में भगदड़, १७ की मौत

दर्जनों घायल, बचाव कार्य जारी, अस्पताल पहुंचे मुख्यमंत्री



चोरबागान इलाके में हुए हादसे को लेकर दुख जताया है। उन्होंने लिखा-चोर बागान पूजा पंडाल में हुई भगदड़ के बारे में जानकर गहरा सदमा लगा और बहुत दुख हुआ। मैं मां दुर्गा से प्रार्थना करती हूं कि सभी घायल लोग जल्द स्वस्थ हो जायें और उनके परिवारों को इस कठिन समय में शक्ति और साहस मिले। कोलकाता में सप्तमी की शाम को भीड़ के चलते चोरबागान सर्वजनिन दुर्गा पूजा पंडाल का हिस्सा ढह गया। इस दौरान भगदड़ की स्थिति बन गयी। यह भगदड़ तब मची, जब श्रद्धालु दुर्गा पूजा मनाने के लिए इकट्ठा हुए थे। घटना से प्रभावित लोगों को रेस्क्यू कर इलाज के लिए कलकत्ता मेडिकल कालेज अस्पताल ले जाया गया। बताया जा रहा है कि पूजा आयोजकों ने स्थिति को संभालने और प्रभावित लोगों की मदद करने के लिए तुरंत एक्शन लिया और जरूरी कदम उठाये जायें।

ममता बनर्जीने जताया दुःख

कोलकाता (एजेंसी)। पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में नवदुर्गा के उत्सव के दौरान दुखद हादसा हो गया है। चोरबागान इलाके में लगे नवदुर्गा पंडाल में अचानक भगदड़ मच गयी। रिपोर्ट के मुताबिक इस हादसे में 17 लोगों की मौत हो गयी जबकि दर्जनों लोग घायल हैं। इस हादसे के बाद कई लोगों को कलकत्ता मेडिकल कालेज और नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी और मुख्य सचिव मनोज अग्रवाल घायलों का जायजा लेने के लिए कलकत्ता मेडिकल कालेज पहुंच गये। इसबीच पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने

जय जगदम्बे



युवा सांस्कृतिक समिति अमर शहीद संतोष कपूरिया क्लब गड़वासी टोला, चौक, वाराणसी

कुपवाड़ामें मुठभेड़, दो आतंकी ढेर



जम्मू (आससे)। उत्तरी कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में एलओसी के पास जारी आपरेशन में दो घुसपैठिए आतंकी मारे गए। सर्दियां शुरू होने और बर्फबारी के बाद उस पार से यह घुसपैठ का पहला प्रयास बताया जा रहा है। रक्षा सूत्रों ने बताया कि शनिवार को उत्तरी कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में नियंत्रण रेखा एलओसी के पास चल रहे एक आपरेशन के दौरान दो आतंकवादी मारे गए। उन्होंने बताया कि केरन सेक्टर के जुमागुंड इलाके में सैनिकों ने कुछ संदिग्ध गतिविधि देखी, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई। सैनिकों ने उन्हें चुनौती दी, जिसके जवाब में गोलीबारी हुई। रक्षा विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि तड़के करीब 3:30 बजे केरन सेक्टर के जुमागुंड इलाके में एलओसी के पास मुठभेड़ शुरू हो गई। दो आतंकवादी मारे गए हैं। तलाशी अभियान जारी है। अधिकारियों ने बताया कि ताजा जानकारी मिलने तक आपरेशन जारी था।

मोदी-शाह जानते हैं कि सत्ताके जाते ही मनमानी की कहानी होगी खत्म-राहुल



नयी दिल्ली (आससे)। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने दिल्ली में विरोध प्रदर्शन के दौरान कुछ छात्राओं और महिलाओं के साथ पुलिस द्वारा कथित तौर पर की गयी बदसलूकी को लेकर शनिवार को केंद्र सरकार पर निशाना साधा और कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा गृह मंत्री अमित शाह जानते हैं कि सत्ता हाथ से जाते ही उनकी मनमानी की कहानी खत्म हो जायेगी। गांधी ने कुछ लड़कियों के साथ बातचीत का एक वीडियो 'एक्स' पर साझा किया, जिसमें उन्होंने विरोध प्रदर्शन के दौरान दिल्ली पुलिस पर उनके साथ बदसलूकी करने का आरोप लगाया है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने आरोप लगाया कि यौन उत्पीड़न, कपड़े खींचना और निजी अंगों पर हमला, लोकतंत्र के लिए आवाज उठाने वाली छात्राओं तथा महिलाओं के साथ दिल्ली पुलिस की बर्बरता शर्मनाक हदें पार कर रही है। उन्होंने दावा किया कि यह कथित कारवाई आवाज दबाने की कोशिश का हिस्सा है और इसका उद्देश्य विरोध करने वालों को इतना डराना एवं अपमानित करना है कि वे दोबारा सवाल उठाने की हिम्मत न करें। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि मोदी-शाह जानते हैं कि जिस दिन सत्ता हाथ से गयी उस दिन उनकी मनमानी की कहानी खत्म। उनका यही डर पुलिस तक पहुंचता है और हिंसा बनकर देश के युवाओं तथा महिलाओं पर टूट रहा है। गांधी द्वारा साझा किये गये वीडियो में कुछ लड़कियां उनसे बातचीत करते हुए प्रदर्शन के दौरान पुलिसकर्मियों की कथित बदसलूकी का विवरण देती नजर आती हैं।

उन्होंने पुलिसकर्मियों पर कपड़े खींचने और अनुचित तरीके से छूने समेत बदसलूकी के आरोप लगाये। इन आरोपों पर दिल्ली पुलिस की तरफ से प्रतिक्रिया फिलहाल नहीं मिली है।

यूपी में अब रूल आफ माफिया नहीं, 'रूल ऑफ लॉ'-मुख्यमंत्री

लखनऊ (आससे)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश 'रूल ऑफ माफिया' से मुक्त हुआ है और 'रूल ऑफ लॉ' लागू हुआ है। वर्ष 2017 से पहले कानून-व्यवस्था और निवेश को लेकर संदेह रहता था। माफिया से विकास बाधित था। सरकार ने कानून का शासन स्थापित कर प्रदेश की छवि बदली है। कोई व्यक्ति या पद संविधान से ऊपर नहीं हो सकता। उन्होंने युवा अधिवक्ताओं से कहा कि अन्याय सामने हो तो चुप रहना विकल्प नहीं है। फैसला इतिहास सुनाएगा, लेकिन बहस आपको करनी है। मुख्यमंत्री योगी शनिवार को डॉ. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के पंचम दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर पुष्प अर्पित किये। छात्राओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। मुख्यमंत्री ने मेधावियों को पदक दिये। मुख्यमंत्री ने कहा कि 15 अगस्त 1947 और 26 जनवरी 1950 के साथ 25 जून 1975 भी लोकतंत्र की महत्वपूर्ण तारीख है। आपातकाल ने रूल ऑफ लॉ और रूलर ऑफ लॉ का अंतर समझाया। न्यायमूर्ति एचआर खन्ना की असहमति का उल्लेख करते हुए कहा कि सिद्धांतों के पक्ष में लिया निर्णय इतिहास में स्थान बनाता है। युवा अधिवक्ताओं को संवैधानिक मूल्यों की रक्षा करनी (शेष पृष्ठ ११ पर)



